जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति **दिनांक-06.01.2025**

एसओजी टीम शामली व थाना थानाभवन पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में थाना थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत कस्बा जलालाबाद से सैटरिंग की दुकान में चोरी की घटना में वांछित 25000/-रुपये का ईनामी अभियुक्त गिरफ्तार,कब्जे अवैध चाकू बरामदः-

ज्ञात हो कि दिनांक 24.11.2024 को वादी शाहिद पुत्र शब्बीर निवासी मौहल्ला सैय्यादान थाना थानाभवन जनपद शामली की सैंटरिग की दुकान से अज्ञात चोरों द्वारा गाटर व लोहे की चादरे चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर तहरीर दी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना का संज्ञान लेकर घटना के अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना थानाभवन को निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 06.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम द्वारा चलाये जा रहे चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में एसओजी टीम एवं थाना थानाभवन पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत कस्बा जलालाबाद से सैटरिंग की दुकान में हुई चोरी की घटना में वांछित 25000/-रुपये का ईनामी अभियुक्त गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त के कब्जे से अवैध चाकू बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 16.12.2024 को पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त आदिल को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.सद्दाम पुत्र नसीर उर्फ काला निवासी ग्राम खेड़ी करमू थाना कोतवाली शामली जनपद शामली हाल पता मौहल्ला सुभाषनगर नसीरपुर रोड़ थाना नई मंडी जनपद मुजफ्फरनगर ।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त उपरोक्तः-

1.मु0अ0सं0 449/2024 धारा 331(4)/305(a) बीएनएस थाना थानाभवन जनपद शामली।

2.मु0अ0सं0 487/24 धारा 109(1) बीएनएस थाना थानाभवन जनपद शामली।

3.मु0अ0सं0 11/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना थानाभवन जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.अवैध 01 चाकू बरामद।

थाना झिंझाना पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 06.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में पीडिता के परिजन द्वारा दिनाँक 31.12.2024 को थाना झिंझाना पर लिखित तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.रवि पुत्र उदल उर्फ राजू निवासी ग्राम अलीनगर थाना झिंझाना जनपद शामली

थाना कैराना पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 07 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 06.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कैराना पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 07 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.मुस्तकीम पुत्र सज्जाद निवासी मौहल्ला इमामगेट कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली।

2.साजिद पुत्र याकूब निवासी मौहल्ला शेखबद्दा कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली।

3.बिलाल पुत्र बाला उर्फ इकबाल निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली।

4.फुरकान उर्फ बहरा पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम खुरगान थाना कैराना जनपद शामली।

5.सिकन्दर पुत्र अंसुल मजीद निवासी मौहल्ला आलखुर्द कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली।

6.सोनू पुत्र रणवीर निवासी मौहल्ला आलदरम्यान कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली।

7.महताब पुत्र जिंदा निवासी ग्राम बसेड़ा थाना कैराना जनपद शामली।